भूतनाथ भयहरन भीम, भयभवन भूमिधरं । भानुमंत भगवंत, भूतिभूषन भुजंगवर ।।
भव्य भावबल्लभ भवेस भव भार विभंजन । भूरिभोग भैरव कुजोगगंजन जनरंजन ।।
|| Ram Katha 926 - मानस भूतनाथ || Bhootnath Mandir, Mahuva, Gujarat || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 116 | इंदौर, गुरुवार 02 नवंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Delhi Liquor Scam: आज ईडी के सामने पेश नहीं होंगे अरविंद केजरीवाल, एमपी के सिंगरौली में करेंगे रैली
2. War: 'गाजा पर हमलों में जैसे मारे जा रहे फलस्तीनी, वैसे ही इस्राइली बंधकों को मौत दे रहे', हमास प्रमुख का दावा

चुनावी चर्चा

DGR@एल एन उग्र

# संजय शुक्ला कमजोर प्रत्याशी नहीं है...?

इंदौर इस समय चुनावी समर में... पूर्ण रूप से शबाब पर है... चुनावी चकलस... इंदौर में पूरे प्रदेश से... हटकर चर्चा हो रही है...कारण है... इंदौर एक से भाजपा ने... वजनदार...असरदार... बड़ा नाम... कैलाश जी को प्रत्याशी बनाया है... कैलाश जी को प्रत्याशी बनाना... काफी महत्वपूर्ण लगता है... इसी से यह चुनाव वजनदार हो गया है...।

भाजपा इस सीट को भारी... और कठिन मानकर चल रही थी... इसीलिए वजनदार नेता को ऊपर से... एक नंबर में लगाया गया है... लाया गया है... समीकरण तीखे हैं... और दोनों ही उम्मीदवार वजनदार हैं...संजय शुक्ला कांग्रेस से उम्मीदवार हैं जरूर... लेकिन पृष्ठभूमि बड़े भैया के पुत्र होने से...भाजपा की भी रही है... लेकिन संजय शुक्ला कांग्रेस में है...और वर्तमान विधायक हैं... उनके द्वारा कोरोनाकाल में... अपने क्षेत्र में काफी सराहनीय सेवा की है...तथा लगातार संपर्क में रहे हैं... फिर ट्यूबवेल का कार्य हो... गरीबों को आर्थिक मदद हो... धार्मिक यात्राएं हो... या शिव पुराण और अन्य कथाओं के माध्यम से...लगातार जनता के बीच बने रहे... वैसे भी संजय शुक्ला के बारे में...यह आम धारणा है कि... वह सहज उपलब्ध हैं...उनसे चर्चा के मध्य...यह भी महसूस हुआ कि... वह कहते हैं कि... मैंने एक परिवार के सदस्य के रूप में... सेवा भाव रखा... और पूरे विधानसभा क्षेत्र में... जीवंत संपर्क रखा... यही आधार मेरी जीत का भी आधार बनेगा... उनका आत्मविश्वास देखकर... यही लगता है कि... वह अत्यंत आशावादी और जीत के प्रति आशवस्त हैं... अपनी जीत के प्रति...भी वो निश्चिंत हैं...उनके चुनाव प्रचार में हमने यह भी महसूस किया कि... वह जिस प्रकार से संपर्क कर रहे हैं... वह पूरी योजनाबद्ध... और सोच विचार कर... एक-एक दिन अपना लक्ष्य तय कर...कार्य में लगे हैं... और उनकी जो टीम है... वह भी समर्पण भाव से कार्य कर रही है...इस उम्मीद में ही है ही की...संजय शुक्ला जीतेंगे ही सही...और कांग्रेस सरकार यदि बनी तो... वह मंत्री भी बन सकते हैं...हालांकि कांग्रेस सरकार बनेगी या नहीं... यह तय नहीं है फिर भी...संजय शुक्ला को कैलाश जी के सामने... बहुत कमजोर उम्मीदवार माना जा रहा है... परंतु हमने जिस तरह से...संपर्क के दौरान महसूस किया... वह यह है कि...संजय शुक्ला इतने कमजोर उम्मीदवार भी नहीं है... जितना उन्हें समझा जा रहा है...और वह कहते भी हैं कि... वह क्षेत्र क्रमांक एक के लिए खाली एक नेता या विधायक नहीं है... वह उसे क्षेत्र के बेटे बन कर रहे हैं... और रहेंगे भी... अब देखना तो परिणाम पर है की... संजय कितने सफल होते हैं... होते भी हैं या नहीं...और होते हैं तो कितना...लेकिन वे जिस आत्मविश्वास से... लवरेज नजर आए... इस आधार पर यह धारणा बन रही है कि... वह उतने कमजोर उम्मीदवार नहीं है... जितना उन्हें बताया जा रहा है... अगर वह कमजोर उम्मीदवार होते तो... उनके सामने भाजपा को... कैलाश जी जैसे बड़े नाम को...मैदान में उतरने की आवश्यकता नहीं होती...अर्थात यह अपने आप में सही है कि... संजय शुक्ला एक कमजोर उम्मीदवार नहीं है...



# 29 विधायकों पर आपराधिक मामलों में आरोप तय

## ◆ 24 चुनावी मैदान में, 6 माह से 2 साल तक सजा का प्रावधान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश के मौजूदा 29 विधायकों पर चल रहे आपराधिक प्रकरणों में कोर्ट ने आरोप तय कर दिए हैं। इनमें कांग्रेस के सबसे ज्यादा 16 जबकि भाजपा के 12 और बसपा से एक विधायक शामिल हैं। इन्हें 2 साल तक की सजा हो सकती है। इन विधायकों ने अपने खिलाफ चल रहे मामलों की जानकारी 2018 के विधानसभा चुनाव और 2020 के उपचुनाव में अपने नामांकन पत्र के साथ दिए शपथ पत्र में दी थी। इन्हीं शपथ पत्रों की जांच कर एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और इलेक्शन वॉच ने बुधवार को एक रिपोर्ट जारी की है।**



इस रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें से 10 विधायकों के खिलाफ ये मामले 10 साल या इससे अधिक समय से लंबित हैं। बाकी 19 विधायकों पर करीब 6 साल पहले मामले दर्ज किए गए थे। एडीआर ने पिछली रिपोर्ट में जानकारी दी थी कि वर्तमान विधानसभा के 93 विधायकों के विरुद्ध अलग-अलग न्यायालयों में केस दर्ज हैं। इन्हीं में से 29 पर आरोप तय कर दिए गए हैं।

इन विधायकों पर मर्डर, रेप, डकैती, लूट, अपहरण, महिलाओं पर अत्याचार, रिश्वत लेने जैसे गंभीर किस्म के मामले दर्ज हैं। कुछ पर धर्म, नस्ल, भाषा के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता, भ्रष्टाचार, मनी लॉन्ड्रिंग, अवैध कब्जा, परिवहन, फेरा, जमाखोरी, मुनाफाखोरी से संबंधित अपराध कायम किए गए हैं।

## ◆ इन माननीयों पर कोर्ट ने तय कर दिए हैं आरोप

जिन 29 विधायकों पर कोर्ट में चल रहे प्रकरणों के आधार पर आरोप तय हुए हैं, उनमें भाजपा से मंत्री राजेंद्र शुक्ला (रीवा), रामखेलावन पटेल (अमरपाटन), कमल पटेल (हरदा), प्रद्युम्न सिंह तोमर (ग्वालियर) शामिल हैं। वहीं, विधायक विक्रम सिंह विक्की (रामपुर बघेलान), अनिरुद्ध माधव मारू (मनासा), राम डांगोरे (पंधाना), पारस जैन (उज्जैन उत्तर), प्रणय प्रभात पांडेय (बहोरीबंद), केपी त्रिपाठी (सेमरिया), जालम सिंह पटेल (नरसिंहपुर), प्रहलाद लोधी (पवई) के नाम भी इस सूची में हैं।

कांग्रेस के जिन पर आपराधिक प्रकरणों में आरोप तय किए जा चुके हैं, उनमें सोहन लाल बाल्मीक (परासिया), घनश्याम सिंह (सेवढ़ा), विक्रम सिंह नाती राजा (राजनगर), नर्मदा प्रसाद प्रजापति (गोटेगांव), प्रताप ग्रेवाल (सरदारपुर), जितेंद्र पटवारी (राऊ), महेश परमार (तराना), सुखदेव पांसे (मुलताई), सुनीता पटेल (गाडरवारा), कुणाल चौधरी (कालापीपल), सचिन बिरला (बड़वाह, अब भाजपा में), दिलीप गुर्जर (नागदा खाचरोद), राकेश मावई (मुरैना), रामचंद्र दांगी (ब्यावरा), विपिन वानखेड़े (आगर मालवा), अजब सिंह कुशवाह (सुमावली) शामिल हैं। इसके अलावा पथरिया से बसपा विधायक रामबाई सिंह के विरुद्ध भी आरोप तय हो चुके हैं।

इन 29 विधायकों में कांग्रेस के 16, बीजेपी के 12 और बीएसपी का एक शामिल है। बीजेपी ने अपने 12 में से 3 विधायक- राम डांगोरे, पारस जैन, जालम सिंह पटेल के टिकट काटे हैं। वहीं, कांग्रेस ने राकेश मावई, रामचंद्र दांगी को चुनावी मैदान में नहीं उतारा है। सचिन बिरला कांग्रेस छोडक़र भाजपा में शामिल हो चुके हैं। उन्हें मिलाकर 24 विधायक फिर चुनाव लड़ रहे हैं।

एडीआर और इलेक्शन वॉच की रिपोर्ट के अनुसार, इन विधायकों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8(1), 8(2), 8(3) के अंतर्गत आरोप तय किए गए हैं। दोषी ठहराए जाने पर 6 माह से दो साल तक की सजा का प्रावधान है। ये विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य भी घोषित किए जा सकते हैं।

# रात 9.30 पर बिजली बंद करने के संदेश पूर्णतः फर्जी

◆ धोखे से बचने के लिए उपभोक्ताओं से की अपील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मप्र पश्चिम विद्युत वितरण कंपनी ने रात 9.30 बजे बिजली केक्शन काटने इत्यादि फर्जी संदेशों से सावधान रहने की अपील की है।**

मालवा निमाड़ के उपभोक्ताओं को अन्य प्रदेशों, स्थानों से अनजान मोबाइल नंबर, गेटवे, पोर्टल आदि से बिजली बिल बकाया होने एवं मोबाइल नंबर विशेष पर संपर्क करने, राशि जमा करने के फर्जी संदेश आ रहे है। वाट्सएप पर फर्जी लेटर भेजकर राशि जमा करने अथवा रात 9.30 पर बिजली बंद होने की सूचना भी मिल रही है। विद्युत वितरण कंपनी ने कहा कि ये सभी संदेश फर्जी एवं धोखे के लिए भेजे जा रहे हैं।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सभी उपभोक्ताओं से विनम्र अपील की हैं कि वे बिजली कंपनी के अधिकृत गेटवे टढरएइह से आने वाले एसएमएस को ही वैध माने। इसी के अनुरूप बिजली कंपनी के जोन, वितरण केंद्र पेटीएम, फोन पे, गुगल पे, ऊर्जस एप, कंपनी के पोर्टल , क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, एमपी ऑनलाइन आदि के माध्यम से भुगतान करे। बिजली कंपनी हमेशा आईवीआरएस नंबर से ही राशि जमा कराती है, चाहे वह भुगतान किसी अधिकृत गेट वे से किया जा रहा हो या फिर जोन, वितरण केंद्र पर पहुंचकर राशि जमा की जा रही हो। बिजली कंपनी कभी भी किसी फोन नंबर विशेष पर सीधे राशि जमा करने का नहीं कहती है। बिजली कंपनी के जो अधिकृत भुगतान संग्रहकर्ता (डोर टू डोर एप वाले) उपभोक्ताओं के परिसरों तक पहुंचते है, वे हाथोंहाथ रसीद देते है। उनके पास बिजली वितरण कंपनी के संबंधित जोन, वितरण केंद्र पर कार्यरत होने का परिचय-पत्र भी होता हैं। कंपनी ने उपभोक्ताओं से सजग रहने एवं धोखाधड़ी के उद्देश्य से मोबाइल पर भेजे जा रहे फर्जी संदेशों पर ध्यान नहीं देने के लिए निवेदन किया हैं।

## चांद के दीदार के साथ पति की लम्बी उम्र का मांगा आशीर्वाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हाथों में मेंहदी और दिल में पति की सलामती व लंबी उम्र की कामना लिए शहर में बुधवार को करवा चौथ सेलिब्रेट किया गया। पंजाबी महिला विकास समिति की ओर से विजय नगर स्थित होटल वॉव में महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। हाथों में छन्नी लेकर लेकर चांद के दीदार के साथ पती की लम्बी उम्र की कामना की और फिर अपने अपने पति के हाथ से पानी पीकर व्रत का पारन किया।**

ग्रुप की अध्यक्ष सोनाली अरोड़ा, चेयरपर्सन इंदू नागपाल, ग्रुप की फाउंडर विना साहनी, कोषाध्यक्ष स्वीटी टुटेजा, सचिव सुनीता तनेजा सहित करिब 700 महिलाओं ने इस करवा चौथ सेलिब्रेशन में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में ग्रुप की सभी मेंबर्स सजधज कर आईं। इस अवसर पर कई इंटरेस्टिंग गेम्स और परफॉर्मेंस भी हुए। जिसमें सासों ने झुमका गीरा रे सॉन्ग पर परफॉर्म किया वहीं बहुओं ने मत्थे ते चमकन वाल मेरे बंदे दे सॉन्ग पर परफॉर्म किया। इसके साथ ही सोलो और कपल परफॉर्मेंस आदि शामिल थे, जिसको सभी ने खूब एंजॉय किया। सेलिब्रेशन में शामिल होने आई महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। इस दौरान फोटो और सेल्फी के दौर भी खूब चला। सेलिब्रेशन में बेस्ट ड्रेस, बेस्ट मेकअप और बेस्ट थाली के लिए अवॉर्ड दिए गए।

## करवा चौथ की पूजा के साथ वोट करने का लिया संकल्प

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सज-संवरकर हाथों में पूजा की खूबसूरत थाली, निर्जला व्रत के बावजूद चेहरे पर छाई खुशियों भरी मुस्कान, फ्रेंड्स और फैमिली के साथ करवा चौथ सेलिब्रेशन। यह नजारा बुधवार को राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. दिव्या गुप्ता की ओर से आयोजित करवा चौथ सेलिब्रेशन के दौरान देखने को मिला।**

चूड़ी की थीम पर आयोजित यह सेलिब्रेशन बेहद खास रहा क्योंकि यहां सेलिब्रेशन के साथ दो अहम बातों पर भी फोकस किया गया था। इसमें से पहला कांच की चूड़ियां पहनने के कम होते ट्रेंड को फिर से बढ़ावा देना और दूसरा आगामी चुनाव के दौरान अधिक से अधिक वोट डालकर अपनी उंगली की ताकत से प्रदेश के भविष्य को निखारने में योगदान देना था।

इस अवसर पर होस्ट दिव्या गुप्ता ने कहा कि आज कल कांच की चूड़ियों को पहनने का चलन कम हो गया है जो कि न सिर्फ हमारी परंपरा का हिस्सा है बल्कि यह बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी देता है। ऐसे में हम कांच की चूड़ियों का ट्रेंड फिर से वापस लाना चाहते है। यही वजह है कि हमने डेकोरेशन में भी इसका इस्तेमाल किया था और यहां आईं लगभग सभी 200 लेडीज ने इसे कैरी भी किया था।

## स्वाद एवं संस्कृति का महाकुंभ जत्रा कल से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मराठी सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित किया जाने वाला सालाना कार्यक्रम मराठी स्वाद का जत्रा 3 नवंबर से शुरू होने जा रहा है इसकी तैयारियां जोरो शोरो से चल रही है। इस बार जत्रा के प्रेसेंटिंग स्पांसरर माधुरी कुकिंग आयल और फूड झोन एम डी एच मसाले द्वारा स्पांसर किया गया है।**

संस्था के सुधीर दांडेकर एवं राजेश शाह ने बताया कि इस वर्ष जत्रा दिनांक 3 से 5 नवंबर पोद्दार प्लाझा गाँधी हाल पर किया जाएगा. इस वर्ष भी ट्रेड झोन में 70 के करीब विभिन्न एफ एम सी जी आइटम, बैंकिंग, किचन वेयर आदि प्रोडक्ट एवं सर्विसेस विशेष दिवाली ऑफर के साथ उपलब्ध रहेंगे। श्रीमती तृप्ति महाजन सुमेधा बावकर ने बताया कि फूड झोन में इस वर्ष भी गृहणियों ने बढ़ चढ़ कर उत्साह दिखाया है और 50 से जायदा फूड झोन लगाए जायेंगे। जिसमें पूरनपोली झानुका भाकर, भरित गाकर,सोलकढ़ी, भाकरबड़ी,साबूदाना बड़ा आदि प्रमुख रहेंगे। श्रीमती सुप्रिया पुंडलिक एवं संकेता देशकुलकर्णी ने बताया कि 26 हैंडीक्राफ्ट झोंन रहेंगे जिसमे दीपावली डेकोरेशन के समान, रंगोली, आकाश केंडिल, दीपावली के समय घर में बनाए जाने वाले खाद्य पदार्थ उपलब्ध रहेंगे। हर्षवर्धन लिखिते ने बताया कि इस वर्ष भी उदय साटम समूह के 50 से अधिक कलाकार जत्रा के तीनों दिन परंपरागत लावणी की रंगारंग प्रस्तुति देंगे। जत्रा की सभी तैयारी सम्पूर्ण हो चुकी है। स्टॉल की तैयारियां जोर-जोर से चल रही है जो अंतिम रूप में है।

## भूत-प्रेत की वेशभूषा में मंच पर आए बच्चे, खूब की मस्ती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पाठशाला प्ले स्कूल स्कीम नंबर 114 पार्ट-1 इंदौर द्वारा बुधवार को बच्चों की हैलोविन पार्टी का आयोजन किया गया। स्कूल के संचालक मयंक तिवारी और नीतू तिवारी ने बताया कि विद्यालय परिसर में आयोजित हैलोविन पार्टी का उद्देश्य बच्चों का डर भगाना था। स्नेहा तिवारी ने बताया विद्यालय की टीचर्स संगीता त्रिपाठी, मोनालिसा, नीतू परियार, नीलम सोलंकी ने बच्चों को बताया कि भूत-प्रेत आदि कुछ नहीं होता है। ये केवल काल्पनिक कहानियां हैं, इनसे बच्चे डरें नहीं। इस अवसर पर स्कूल के संचालक गौतम तिवारी भी उपस्थित थे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कपीश नायक, विनायक विश्वकर्मा, सिया सावनारे, तेजाश नागर, देवांशी सिंह, प्रिशा जैन, महिमा तिलवे, मेहर कौर, निया यादव आदि ने विभिन्न प्रकार के वेश रखकर प्रस्तुतियां दीं।

## कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

## अभिवर्धन जैन सांड सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक गरिमामय समारोह में श्री जैन सेवा समिति इंदौर ने नेसर्गिक प्रतिभा के धनी प्रतिभावान छात्र अभिवर्धन जैन सांड को सम्मानित किया। आयोजन रामबाग दादावाडी में हुआ। मुख्य अतिथि खूबचंद कटारिया और पारसमल डोसी ने अभिवर्धन जैन सांड को स्कूल बेग और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष विमल नाहर, नरेंद्र रांका, प्रदीप चोरडिया, योगेंद्र सांड, अशोक चोपड़ा,अनिल भोजे व अनिल रांका विशेष रूप से मौजूद थे। गोरतलब है कि एमराल्ड हाइट इंटर नेशनल स्कूल के छात्र अभिवर्धन ने गत वर्ष हाईस्कूल बोर्ड की परीक्षा 99 प्रतिशत अंको से प्राप्त कर समाज का सुयश बढ़ाया था और इस वर्ष 11 वी की परीक्षा 95 प्रतिशत अंको से प्राप्त कर पुन गौरव प्राप्त किया। वह बचपन से ही पढाई मे तेज और होशियार है। कार्यक्रम का संचालन प्रितेन्द्र मेहता ने किया और आभार माना महेश गोलछा ने।

## विजयवर्गीय व शुक्ला आज आमने-सामने कार्यक्रम में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



इंदौर। विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर इंदौर प्रेस क्लब द्वारा आमने-सामने कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र इंदौर-01 के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय एवं अ.भा. राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशी संजय शुक्ला गुरुवार, 2 नवंबर, 2023 को दोपहर 2.00 बजे इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित आमने-सामन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस संवाद में शामिल होने के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं वेब मीडिया के साथी सादर आमंत्रित हैं।

## करवा चौथ की मेंहदी पर विवाद

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट इंदौर।** एरोड्रम इलाके में करवा चौथ की मेंहदी के दौरान महिलाओं के बीच विवाद हो गया। यहां एक महिला ने सभी महिलाओं को अपशब्द कहे। नौबत मारपीट तक आ गई। इसमें एक महिला की शिकायत पर विवाद करने वाली महिला के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक मुन्नी केवट निवासी छोटा बागड़दा की शिकायत पर पुलिस ने रानी राजपूत निवासी रूप नगर के खिलाफ धमकाने ओर अपशब्द कहने के मामले में केस दर्ज किया है। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि मंगलवार की रात करीब 11 बजे के लगभग कॉलोनी में महिलाएं करवा चौथ के पर्व को लेकर मेंहदी लगाने का प्रोग्राम कर रही थी। तभी रानी राजपूत के घर के कुछ लडक़े बाहर आकर खड़े हो गए। जोर जोर से बातचीत करने लगे ओर वहां बैठी महिलाओं को घूरने लगे। सभी महिलाओं ने इस बात पर आपति ली ओर लडक़ो को वहां से जाने के लिये कहां। तभी रानी राजपूत घर के बाहर आ गई। जो सभी महिलाओं को अपशब्द कहने लगी। वही लोगो ने उसे रोका तो मारने पर उतारू हो गई। इसके बाद महिलाओं को कहां कि उनके यहां अगर किसी को रोक टोक की तो जान से खत्म करवा देगी। बाद में महिलाएं इकट् ?ठा होकर थाने पहुंची ओर रानी राजपूत को लेकर 294,506 की धाराओं में केस दर्ज किया गया।

# कांग्रेस को निर्वाचन प्रक्रिया पर विश्वास नहीं

◆ कांग्रेस विकास के मुद्दों पर चुनाव लडऩा नही चाहती है, वह तो झूठे हथकंडे अपनाकर चुनाव लडऩा चाहती है : नरेंद्र सलूजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मध्य प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने कांग्रेस की इंदौर में आयोजित पत्रकार वार्ता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस को सामने हार दिख रही है , हार की बौखलाहट में वो अब झूठे आरोप लगाने पर उतर आए हैं। हार की बौखलाहट में कभी वह दोष देते हैं ,कभी मतदाता सूची को दोष देते हैं ,कभी प्रशासन को दोष देते हैं और अब आज इंदौर जिला निर्वाचन अधिकारी को भाजपा का एजेंट बता रहे हैं , बेहद शर्मनाक है।**

सलूजा ने बताया कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ जी तो रोज ही सरकारी अधिकारियों - कर्मचारियों को धमकाने का काम करते हैं ,उन्हें देख लेने की धमकी देते हैं ,कभी कहते हैं कि मेरी चक्की बारीक पिसती है ,कभी कहते हैं कल के बाद परसों भी आएगा और कभी प्रशासन पर आरोप लगाते हैं। वहीं उनकी पार्टी के अन्य नेता भी सरकार आने पर अधिकारी-कर्मचारियों को उल्टा टांगने की बात रोज कहते हैं। कांग्रेस का यही चरित्र है।कैलाश विजयवर्गीय जी के नामांकन को लेकर कांग्रेस ने आपत्ति लगाई , जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिस पर सभी पक्षों को सुनने के बाद , विधि सम्मत तरीके से उस आपत्ति का निराकरण किया , उसे खारिज किया।

### अब खारिज होते ही कांग्रेस के पेट में दर्द शुरू हो गया

अब तमाम तरह के झूठे आरोप लगाने लग गए है।अब कह रहे हैं कि जिला निर्वाचन अधिकारी भाजपा के एजेंट है ,2भाजपा के दबाव में काम कर रहे हैं। अरे वही जिला निर्वाचन अधिकारी जब कांग्रेस के किसी प्रत्याशी को लेकर आई आपत्ति पर सुनवाई करते हैं , उसका निराकरण करते हैं , आपत्ति खारिज करते है तब वह उन्हें निष्पक्ष लगते हैं लेकिन जब कांग्रेस की आपत्ति खारिज हो जाए तो वह भाजपा के एजेंट बन जाते हैं ,कांग्रेस का यही दोहरा चरित्र है। बेहतर हो कांग्रेस भाजपा से विकास के मुद्दों पर बात करें , विकास के मुद्दों पर चुनाव लड़े ,जमीन पर चुनाव लड़े , ना की इस तरह के झूठे हथकंडो के माध्यम से वह चुनाव लडऩे का प्रयास करें।

लगातार कांग्रेस भाजपा प्रत्याशियों पर झूठे आरोप लगाकर उनकी छवि खराब करने का काम कर रही है ,तमाम तरह के झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं लेकिन वह यह जान ले जनता की अदालत सबसे बड़ी होती है जो यह तय कर चुकी है कि पूरे प्रदेश में भाजपा की भारी विजय होगी , प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी ,इंदौर में सभी भाजपा प्रत्याशियों की ऐतिहासिक जीत होगी और कांग्रेस को जनता हमेशा की तरह इस बार भी घर बैठाएगी।

# कांग्रेस ने दिल्ली से खरगोन तक फैलाया आतंकवाद, मैं डर्टी नहीं फेयर पॉलिटिक्स करता हूं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने प्रेस वार्ता कर कांग्रेस पर कई आरोप लगाए। विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस अपना आतंकवादी प्रेम आज भी दिख रही है, कांग्रेस का समाज को समर्थन करना चौंकाने वाला रहा है। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि केरल की घटना के बाद हमास के कमांडर ने वीडियो जारी कर कहा था कि अगला हमला हिंदुत्व पर होगा। कैलाश विजयवर्गीय ने आरोप लगाए कि खरगोन में कांग्रेस के प्रत्याशी रवि जोशी की बेटी ने फिलीस्तीन और समाज के लोगों को श्रद्धांजलि दी खरगोन में



हुए दंगों की जांच कराई जाएगी ऐसा वहां पर भाषण में कहा गया। कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस पर आरोप लगाए कि सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस के द्वारा हलफनामा दिया गया था कि राम काल्पनिक है, राम ने तो विभीषण को भी गले लगाया था। इसलिए 22 जनवरी को कांग्रेस के लोग जाएं और राम से माफी मांगें। जयवर्गीय ने आगे कहा कि कांग्रेस में दिल्ली से लेकर खरगोन तक जैसी छोटी जगह में आतंकवाद को समर्थन दिया है। कांग्रेस को देश की जनता माफ नहीं करेगी। हमारा विकास का एजेंडा है लेकिन कांग्रेस से वोट बैंक तलाश कर रही है। नाराज लोग हैं वह सभी मान जाएंगे, चुनाव लड़ने की बात पर कैलाश विजयवर्गीय ने यह भी कहा कि 10 साल से मैं सिस्टम का हिस्सा नहीं था संगठन का हिस्सा था, लेकिन अब एक बार फिर सिस्टम में आ रहे हैं, तो पूरे शहर का एक विजन बनाया जाएगा। कांग्रेस के द्वारा लगाया जा रहे आरोपों पर विजयवर्गीय ने कहा कि मैं डर्टी पॉलिटिक्स नहीं करता हूं मैं फेयर पॉलिटिक्स करता हूं, जिस केस को लेकर कांग्रेस बात कर रही है वह सन 90 का है और मैं उसके बाद में कितने ही चुनाव लड़ चुका हूं।

## जनसंपर्क के दौरान पर्व की चिंता



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-1 के वार्ड नंबर 12 में जनसंपर्क के दौरान बुधवार को विधायक आकाश विजयवर्गीय करवा खरीदते नजर आए। करवा खरीदने से पहले आकाश ने करवे बेच रही महिला का आशीर्वाद लिया, फिर उससे करवा खरीदा। दरअसल, आज बुधवार को करवा चौथ है, जिसमें महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं। व्रत खोलने से पहले करवे की पूजा की जाती है, जिसका खासा महत्व है। आकाश विजयवर्गीय ने बताया कि मेरी पत्नी सोनम ने भी करवा चौथ का व्रत रखा है, शाम को चंद्रमा के दर्शन करने के बाद अपने हाथ से पानी पिलाकर उनका व्रत खुलवाऊंगा। इसके लिए ही करवा खरीदा है।

## आर्मी वॉर कॉलेज में तेंदुए का मूवमेंट, दो पिंजरे लगाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महू में सेना के आर्मी वॉर कॉलेज में तेंदुए का मूवमेंट लगातार जारी है। दो दिन पूर्व भी वॉर कॉलेज में लगे सेना के सीसीटीवी कैमरों में तेंदुए का मूवमेंट नजर आया था। जिसके बाद वन विभाग ने यहां सर्चिंग की। इसी के साथ यहां दो पिंजरे भी लगाए। लेकिन तेंदुआ अब तक पकड़ में नहीं आ सका।

आर्मी वॉर कॉलेज में पिछले कुछ माह से लगातार तेंदुए की आवाजाही बनी हुई है। कई बार सेना के कैमरों में तेंदुए का मूवमेंट कैद हो चुका है। दो दिन पूर्व भी सेना के कैमरों में तेंदुए का मूवमेंट कैद हुआ था। जिसके बाद सेना ने वन विभाग को सूचना दी। यहां स्थानीय वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची व पिंजरे लगाए। लेकिन तेंदुए अब तक उसमें कैद नहीं हो सका है। वन विभाग के डिप्टी रेंजर पवन जोशी ने बताया कि आर्मी वॉर कॉलेज में दो दिन पूर्व तेंदुए का मूवमेंट हुआ था। यह कैंपस में लगे कैमरे में भी कैद हुआ था। जिसके बाद यहां कैंपस में दो अलग-अलग स्थानों पर पिंजरे लगाए गए थे। लेकिन तेंदुआ उसमें नहीं कैद हुआ। वहीं बीते 24 घंटे से तेंदुए का किसी तरह का नया मूवमेंट नजर नहीं आया है। हालांकि एतिहातन हमनें बुधवार को भी कैंपस में दो पिंजरे लगाए है।

## साहू समाज ने लिया संजय शुक्ला को जीतने का संकल्प

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। साहू समाज ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 के कांग्रेस प्रत्याशी संजय शुक्ला को विजयी बनाने का संकल्प लिया है। इस मौके पर संजय शुक्ला ने कहा कि आपने मुझे जो जिम्मेदारी दी थी मैंने वह ईमानदारी से निभाई है।**



साहू कर्मा कृष्ण सामाजिक समिति द्वारा साहू समाज का दशहरा मिलन समारोह नंदबाग स्थित श्वेता परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 के कांग्रेस प्रत्याशी संजय शुक्ला उपस्थित थे। समाज के वरिष्ठ जनों ने संजय शुक्ला का हार पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर समाज जनों को संबोधित करते हुए संजय शुक्ला ने कहा कि वे सदैव साहू समाज के हित में कार्य करने के लिए तत्पर रहे हैं। आपने मुझे विधायक बनाकर जो सम्मान दिया था। मैंने कभी विधायक के रूप में, तो कभी परिवार के रूप में आपके बीच कार्य किया और समाज सेवा की। शुक्ला ने कहा कि उन्होंने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 की सबसे बड़ी समस्या जल संकट को दूर करने के लिए पुरजोर प्रयास किए। क्षेत्र में 6 टंकियां का निर्माण कराया। नर्मदा पाइप लाइन डलवाई और 600 बोरिंग कराने का वादा पूरा किया। मैं हमेशा समाज के सुख दुख में शामिल होते रहा हूं क्योंकि आप लोगों की सेवा करने को मैंने अपना लक्ष्य बनाया है।

## चौकीदार की मौत में ठेकेदार पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर के चंदन नगर इलाके में तीन दिन पहले एक गिट्?टी खदान की कंपनी के क्वार्टर में चौकीदान ने फांसी लगाकर जान दी। इस मामले में पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें ठेकेदार का नाम लिखकर प्रताडित करने की बात कही गई। इस मामले में चंदन नगर पुलिस ने ठेकेदार को आरोपी बनाया है। चंदन नगर पुलिस के मुताबिक संदीप पुत्र विलसन नायडू निवासी जवाहर टेकरी लेडमार्क कंपनी धार रोड़ के सुसाइड के मामले में ठेकेदार कमलेश शुक्ला को आरोपी बनाया गया है। संदीप के परिवार से कथन लिये गए। जिसमें जानकारी मिली थी कि संदीप को कमलेश लगातार परेशान कर रहा था। जिसमें कोरे कागजो पर साइन भी करवाए थे। इसके साथ मारपीट भी की गई। संदीप के बेग में डायरी से एक नोट मिला। जिसमें मरने के पीछे की वजह कमलेश शुक्ला को बताया गया।

## करवा चौथ उद्यापन में खेले गेम



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। श्री अग्रसेन क्लब द्वारा करवा चौथ का सामूहिक उद्यापन हबलानी परिसर सपना संगीता रोड अपना स्वीट्स के पीछे 35 महिलाओं का सामूहिक उद्यापन कराया गया करवा चौथ में आई बहनों ने तंबोला, 1 मिनट गेम शो, आदि गेम खेलें। महिलाओं में सोलह सिंगार बेस्ट मेहंदी बेस्ट करवा बेस्ट चलनी सजाओ प्रतियोगिता बेस्ट हेयर स्टाइल बेस्ट मेकअप बेस्ट ड्रेस अप बेस्ट आइस जैसे अनेकों अनेक इनाम वितरण किए गए।

# युवती ने शादी से मना किया तो पत्थर से कुचला

◆एकतरफा प्यार में युवक ने हत्या करने के बाद फांसी लगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन। खरगोन में एक युवक ने युवती की पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। इसके बाद फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। वह युवती से एकतरफा प्यार करता था। दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे।**

वारदात भीकनगांव थाना क्षेत्र के बेड़छा गांव में बुधवार सुबह करीब 11 बजे की है। युवक का नाम सुनील (23) और युवती का नाम ललिता (20) बताया गया है। पुलिस परिजन के बयान लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

थाना प्रभारी मीना कर्णावत ने बताया कि ललिता 12वीं क्लास पास करने के बाद नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट) की ऑनलाइन तैयारी कर रही थी। सुनील ग्रेजुएशन कर चुका था। वह ललिता से शादी करना चाहता था। उसके परिजन ने बात चलाई तो ललिता ने शादी करने से मना कर दिया था।



### दम तोड़ने तक पत्थर से मारता रहा

पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह ललिता के पिता अन्य पुरुष परिजन के साथ किसी रिश्तेदार की अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए पड़ोसी गांव में गए थे। वह अपने छोटे भाई-बहनों के साथ घर में थी। ललिता खेत में ही बने घर से किसी काम से निकली। करीब 100 फीट की दूरी पर उसे सुनील मिला।

सुनील उसे शादी के लिए मनाने लगा। ललिता ने मना किया तो उसे गुस्सा आ गया। उसने पास ही पड़ा पत्थर उठाकर ललिता को मार दिया। तक तक मारता रहा, जब तक कि ललिता की मौत नहीं हो गई।

### पेड़ से फांसी लगाकर दी जान

थाना प्रभारी कर्णावत ने बताया कि ललिता के चिल्लाने की आवाज सुनकर उसकी भाभी घर से बाहर आई। उसे देखकर सुनील मौके से भाग निकला। इतनी देर में अन्य ग्रामीण भी वहां पहुंच गए। वे सुनील को तलाशने लगे। कुछ देर में उसका शव एक पेड़ पर फांसी के फंदे से झूलता मिला। ग्रामीणों से सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया।

# कांग्रेस के पूर्व विधायक मेड़ा ने वापस लिया नामांकन

◆पार्टी से टिकट नहीं मिलने से थे नाराज, अब बोले- ये फैसला मेरा खुद का

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**झाबुआ। बुधवार को झाबुआ की राजनीति में भाजपा के लिए बुरी और कांग्रेस के लिए अच्छी खबर आई। कांग्रेस से बागी हुए पूर्व विधायक जेवियर मेड़ा ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। कल आम आदमी पार्टी से बी फॉर्म ना मिलने से रिटर्निंग अधिकारी ने उनका नामांकन पत्र निरस्त कर दिया था।**

अभी भाजपा से दो उम्मीदवार बागी के रूप में चुनावी मैदान में है। जेवियर मेड़ा की ग्रामीण अंचल में अच्छी पकड़ से पिछले चुनाव में निर्दलीय के रूप में 35 हजार से अधिक मतों लाए थे। इसकी वजह से कांग्रेस यहां हार गई थी।

कांग्रेस के पूर्व विधायक जेवियर मेड़ा ने बुधवार को अपना नाम नामांकन पत्र वापस ले लिया। उन्होंने आम आदमी पार्टी और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र जमा किया था। रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। जेवियर मेड़ा के साथ निर्मल मेहता प्रदेश कांग्रेस महासचिव, साबिर फिटवेल कांग्रेस प्रवक्ता भी रहे है।

### मैंने स्वयं लिया फैसला

जेवियर ने बताया कि मैं चुनाव लड़ने का लिए फॉर्म भरा था, लेकिन जिस पार्टी से मैंने फॉर्म भरा था उसे पार्टी में इतनी गुटबाजी थी कि मुझे बी फॉर्म जमा नहीं करवा पाई। इसकी वजह से मैंने निर्दलीय उम्मीदवार के लिए फॉर्म भरा था। मैंने अपना नाम निर्देशन पत्र वापस के लिया है। यह निर्णय मैंने स्वयं ने लिया है। मैंने किसी पार्टी की सदस्यता नहीं ली है और ना ही कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिया था। कांग्रेस पार्टी का कर्तव्य बनता है कि वह मेरा उपयोग करें।

# बस से 10 किलो विस्फोटक जब्त

### ड्राइवर बोला- बैग कौन छोड़ गया पता नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अनूपपुर।** अनूपपुर जिले में मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सीमा पर विस्फोटक से भरा बैग जब्त हआ है। बॉर्डर चेक पोस्ट पर पुलिस एवं स्टेटिक सर्विलांस टीम ने चेकिंग के दौरान नफीस बस से लावारिस बैग जब्त किया। जिसमें 10 किलो बारूद और रस्सी मिली है। नफीस ट्रैवल्स की यह बस शहडोल से मनेंद्रगढ़ जा रही थी। बस के ड्राइवर ने बताया कि उसे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। बस में 36 यात्री सवार थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# करवा चौथ के दिन महिला ने किया सुसाइड

### 3 महीने पहले हुई थी पति की मौत, तभी से डिप्रेशन में थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी।** शिवपुरी में पति की मौत के 3 महीने बाद करवा चौथ के दिन महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। महिला को जिला अस्पताल लाया गया। वहां उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, फिजिकल थाना क्षेत्र के घोसीपुरा की सीमा बाथम (25) की शादी भोपाल के कमल बाथम से 3 साल पहले हुई थी। 3 महीने पहले कमल बाथम की मौत बीमारी के चलते हो गई थी। दोनों का कोई बच्चा नहीं था। पति की मौत के बाद से सीमा शिवपुरी अपने मायके में रह रही थी। आज दोपहर सीमा बाथम ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। बताया गया है कि पति की मौत के बाद सीमा डिप्रेशन में चली गई थी। संभवत इसी के चलते करवा चौथ के दिन सीमा ने सुसाइड जैसा कदम उठाया है।

# कार और बाइक से जब्त किया 11 लाख 70 हजार केश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन। जिले के सनावद में एसएसटी और पुलिस टीम ने एक कार और बाइक सवार से 11 लाख 70 हजार का कुल केश जब्त किया है। सनावद थाना क्षेत्र के सताजना स्थित चेकपोस्ट पर चुनाव की चेकिंग के दौरान मिर्च व्यापारी अनिल कुमार गर्ग की कार से 9 लाख, जबकि बाइक सवार संजय वर्मा पास से 2 लाख 70 हजार केश मिला है। दोनों ही चालक टीम को वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए। अब आगे की कार्रवाई जारी है।**

बुधवार सुबह थाना सनावद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सताजाना बेडियां रोड पर सघन वाहन चेकिंग के दौरान सनावद ओर से आ रही कार को चेक पोस्ट पर रोका गया। जिसमें बैठे लोगों का नाम पता पूछने पर चालक ने अपना नाम पुनमचंद पिता छगनलाल निवासी बडूद और अनिल कुमार गर्ग पिता राजेन्द्र प्रसाद गर्ग उम्र 64 वर्ष निवासी सनावद का होना बताया। अनिल कुमार के पास रखे बैग को चेक किया गया। जिसमें 9 लाख रुपए नकदी मिली।

इसी दौरान बाइक को रोकने पर व चालक का नाम पता पूछने पर उसने बताया कि वो संजय पिता शिवराम वर्मा उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम दोगावा थाना कसरावद का है। जिसका बैग चेक करने पर उसके पास 2 लाख 70 हजार केश मिला। जिसके बाद पुलिस टीम के द्वारा एफएसटी टीम व तहसीलदार प्रवीण कुमार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को सूचना दी गई। जिस पर एफएसटी टीम, तहसीलदार प्रवीण कुमार व पुलिस द्वारा राशि जब्त कर आदर्श आचार संहिता के अधीन संयुक्त कार्रवाई कर राशि जब्त की गई। बताया जा रहा है कि गर्ग मिर्च व्यापारी है वहीं संजय किसान है। संबंधित टीम के अधिकारियों ने बताया कि जांच के बाद लौटाई जाएगी।

आगामी विधानसभा चुनाव के चलते आयोग व पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पुलिस टीम के द्वारा सघन वाहनों की चेकिंग कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत बुधवार को जिले की सनावद क्षेत्र की पुलिस टीम के द्वारा बड़ी मात्रा में नकदी रुपए ले जाने वालों पर कार्रवाई की गई है।

# गैरतगंज में आज केंद्रीय मंत्री सिंधिया की सभा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रायसेन।** रायसेन जिले के सांची विधानसभा क्षेत्र के गैरतगंज में 2 नवंबर को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भाजपा प्रत्याशी डॉ. प्रभुराम चौधरी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। सिंधिया की सभा को लेकर सांची विधानसभा क्षेत्र में डॉ. प्रभुराम चौधरी कार्यकर्ताओं के बीच में पहुंचकर सभा में आने की अपील कर रहे हैं। बता दें, सांची विधानसभा में बड़े नेताओं की यह तीसरी सभा है। इससे पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल भी डॉ. प्रभुराम चौधरी के समर्थन में सभा को संबोधित कर चुके हैं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से तेंदुए की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नीमच।** मनासा वन क्षेत्र के गांव टामोटी और बंजारी के बीच बुधवार को सड़क किनारे एक तेंदुए का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों के द्वारा वन विभाग को दी गई। मौके पर वन विभाग की टीम के साथ एसडीओ फॉरेस्ट और मनासा पशु चिकित्सालय से चिकित्सकों दल पहुंचा। जहां बारीकी से घटना स्थल का मुआयना किया गया। मौका मुआयना और तेंदुए के शव की स्थिति को देखते हुए, प्रथम दृष्टि तेंदुए की मौत की वजह अज्ञात वाहन की टक्कर बताया जा रहा है। मृतक तेंदुए के सर और शरीर के अन्य भागों में चोट के निशान देखे गए हैं। वहीं मौके पर ही तेंदूए के शव का चिकित्सकों की टीम ने पोस्टमॉर्टम किया जिसके बाद वन विभाग के अधिकारियों ने नियमानुसार तेंदुए का अंतिम संस्कार कर दिया है। इस मामले में वन विभाग ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 91 हजार रुपए का 350 किलो मावा जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। लंबे समय से सुस्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग त्यौहार के आते ही मिलावटी खाद्य सामग्री के नमूने लेने के लिए एक्टिव हो गया है। मिलावटी मावे के उज्जैन पहुंचने कि सूचना पर विभाग के दल ने महिदपुर से उज्जैन आने वाली बस से करीब 350 किलो मावा जप्त कर जांच के लिए सेम्पल लिए है। इसमें खास बात यह कि मौके पर पहुंचे एक व्यक्ति ने मोबाइल पर कई लोगो से संपर्क कर चेताया की सेम्पल भरा गए हैं मावा रोक लो..!**



खाद्य एवं औषधि प्रशासन निरीक्षक बसंत दत्त शर्मा ने बताया कि विभाग को सूचना मिली थी कि बुधवार सुबह बीके यादव ट्रेवल्स की महिदपुर-उज्जैन बस से बड़ी मात्रा में मावा आ रहा है, जो मिलावटी है। इसके बाद विभाग के अधिकारियों ने आगर रोड नगर निगम के समीप जैसे ही बस पहुंची उसे रोक कर मावा उतरवा लिया। यह मावा करीब 8 पोटली में था। निरीक्षक श्री शर्मा ने बताया कि यह मावा किसने भेजा है और उज्जैन में कहां जाने वाला था यह स्पष्ट नहीं है। मावे की 8 पोटली पर महाकाल मिल्क प्रोडेक्ट, 2 पर सोनू और 3 पर कुछ भी नहीं लिखा है। मावे को जप्ती में लेकर सेम्पल लिए है,जिन्हें जांच के लिए राज्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जाएगा।

Maharashtra

# मराठा आरक्षण : आंदोलनकारियों ने CM और डिप्टी सीएम के पोस्टरों पर कालिख पोती

**ठाणे, (एजेंसी)** मराठा आरक्षण को लेकर आंदोलनकारियों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। कुछ प्रदर्शनकारी बसों पर लगे सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के पोस्टर पर कालिख पोतते नजर आए। वीडियो ठाणे के भिवंडी का बताया जा रहा है।

महाराष्ट्र में मराठा समुदाय के लिए सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की मांग बहुत पुरानी है। साल 1997 में मराठा संघ और मराठा सेवा संघ ने सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण के लिए पहला बड़ा मराठा आंदोलन किया। प्रदर्शनकारियों ने अक्सर कहा है कि मराठा उच्च जाति के नहीं बल्कि मूल रूप से कुनबी यानी कृषि समुदाय से जुड़े थे।



मौजूदा स्थिति की बात करें तो मराठा समुदाय महाराष्ट्र की आबादी का लगभग 31 प्रतिशत है। यह एक प्रमुख जाति समूह है लेकिन फिर भी समरूप यानी एक समान नहीं है। इसमें पूर्व सामंती अभिजात वर्ग और शासकों के साथ-साथ सबसे ज्यादा वंचित किसान शामिल हैं। राज्य में अक्सर कृषि संकट, नौकरियों की कमी और सरकारों के अधूरे वादों का हवाला देते हुए समाज ने आंदोलन किये हैं।

2018 में महाराष्ट्र विधानमंडल से मराठा समुदाय के लिए शिक्षा और सरकारी नौकरियों में 16% आरक्षण का प्रस्ताव वाला एक विधेयक पारित किया गया। विधेयक में मराठा समुदाय को सरकार ने सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ा वर्ग घोषित किया। विधानमंडल में पारित होने के बाद मराठा आरक्षण का मामला अदालती हो गया। जून 2019 में बम्बई उच्च न्यायालय ने मराठा आरक्षण की संवैधानिकता को बरकरार रखा, लेकिन सरकार से इसे राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिश के अनुसार 16% से घटाकर 12 से 13% करने को कहा।

Uttarpradesh

## यूपी में टीचरों की हैवानियत! एक छात्र को कमरे में बंद कर कई शिक्षकों ने पीटा, स्कूल में हुआ बेहोश

**हापुड़, (एजेंसी)** यूपी के हापुड़ में एक छात्र को उसके शिक्षकों ने इतना पीटा की बच्चा बेहोश हो गया। दसवीं के छात्र पर शिक्षकों ने गुस्सा निकाला और उसे कमरे में बंद कर पीटा। स्कूल में ऐसी हैवानियत की जानकारी होते ही हर कोई हैरान और अपने बच्चों के लिए परेशान हो रहा है। जानकारी के अनुसार स्कूल में ही दसवीं के छात्र पर शिक्षकों ने कहर भरपाया। कई शिक्षकों ने मिलकर एक छात्र को कमरे में बंद कर पीटा। छात्र पिटाई से बेहोश भी हो गया। उसके पिता ने अपने बच्चे की आपबीती सुनने के बाद शिकायत की।

परिजनों ने कहा कि हापुड़ के हाफिजपुर थाना क्षेत्र के जेएमएस स्कूल के शिक्षकों ने दसवीं के छात्र को कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा। बताया गया कि मारपीट के दौरान छात्र स्कूल में बेहोश हो गया। इसके बाद जानकारी मिलने पर परिजनों ने स्कूल में पहुंच कर जमकर हंगामा किया। उन्होंने बच्चे को पीटना वाले शिक्षकों पर शिकायत की बात कही। हालांकि स्कूल की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद भी उन्होंने कोशिश जारी की। छात्र के परिजनों ने शिक्षकों पर छात्र की हत्या के प्रयास करने का

Punjab

## ट्रक और तेल कैंटर के बीच पिसी कार, एक बच्चे समेत छह की मौके पर मौत

**चंडीगढ़, (एजेंसी)** पंजाब के सुनाम में गुरुवार सुबह एक भीषण हादसे में एक बच्चे समेत छह लोगों की मौत हो गई। सभी एक कार में सवार थे और मालेरकोटला से सुनाम लौट रहे थे। हादसे में दीपक जिंदल, नीरज सिंगला और उनके बेटे, लक्की कुमार, विजय कुमार और दवेश जिंदल की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सभी मालेरकोटला में बाबा हैदर शाह की दरगाह पर माथा टेक कर सुनाम लौट रहे थे। सुनाम के पास कार को ट्रक व तेल के कैंटर ने अपनी चपेट में ले लिया। कार दोनों वाहनों के बीच पिस गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने कार को काटकर शवों को बाहर निकाला।

हादसे की सूचना मिलते ही सुनाम में शोक की लहर दौड़ गई। मृतकों के परिजन बदहवास हादसा स्थल की तरफ दौड़ पड़े।

New Delhi

## खून से लथपथ सड़क पर गिरा था युवक, वीडियो-सेल्फी लेते रहे लोग; लैपटॉप-कैमरा किया चोरी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दक्षिणी दिल्ली के पंचशील पार्क मेट्रो स्टेशन के पास एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के तीन दिन बाद मंगलवार को 30 साल के फ्रीलांस फोटोग्राफर की मौत हो गई। मामले की जानकारी पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को दी। मृतक पीयूष पाल के दोस्तों ने आरोप लगाया है कि उसके लैपटॉप, कैमरा और अन्य कीमती सामान चोरी हो गए हैं, क्योंकि दुर्घटना के बाद वह सड़क पर खून से लथपथ पड़ा हुआ था। हालांकि पुलिस ने आरोपों पर कोई टिप्पणी नहीं की।

पुलिस के अनुसार, दुर्घटना शनिवार रात करीब 10 बजे हुई जब कालकाजी निवासी पाल, जो कि गुरुग्राम में फ्रीलांस फोटोग्राफर के रूप में काम करते थे, की मोटरसाइकिल एक अन्य दोपहिया वाहन से टकरा गई, जिसे बदरपुर निवासी 26 साल का बंटी कुमार चला रहा था। बंटी गुरुग्राम में प्राइवेट ड्राइवर के तौर पर काम करता है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) चंदन चौधरी ने कहा कि हौज खास पुलिस को रात 10.11 बजे दुर्घटना के बारे में फोन आया। चौधरी ने कहा, 'एक टीम वहां पहुंची, जहां दोनों लोगों को अलग-अलग अस्पतालों में स्थानांतरित किया जाना पाया गया।

खेल

# न्यूजीलैंड ने वर्ल्ड कप में लगाई हार की हैट्रिक, अफ्रीका ने 190 रनों से जीता मुकाबला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को विश्व कप 2023 के 32वें मैच में 190 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ साउथ अफ्रीका की टीम 12 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच गई है। बुधवार को पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए क्विंटन डिकॉक और रासी डुसेन के शतकों की बदौलत 50 ओवर में 4 विकेट खोकर 357 रन बनाए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 35.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 167 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड की विश्व कप 2023 में ये लगातार तीसरी हार है, इससे पहले न्यूजीलैंड को भारत और ऑस्ट्रेलिया ने हराया।

358 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम को तीसरे ओवर में पहला झटका लगा। सलामी बल्लेबाज



डेवोन कॉनवे 2 रन बनाकर आउट हुए। मार्को यानसेन ने रचिन रविंद्र को आउट करके कीवी टीम को बड़ा झटका दिया। रचिन 16 गेंद में 9 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद न्यूजीलैंड की टीम ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए। विल यंग 37 गेंद में 33 रन बनाकर पवेलियन लौटे। कप्तान टॉम लैथम 4 रन ही बना सके। डेरिल मिचेल 30 गेंद में 24 रन बनाकर आउट हुए। सैंटरन-साउदी 7-7 रन बनाकर आउट हुए।

दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए क्विंटन डिकॉक और रासी डुसेन के शतकों की बदौलत 50 ओवर में 4 विकेट खोकर 357 रन बनाए हैं। क्विंटन डिकॉक और रासी डुसेन के बीच दूसरे विकेट के लिए 189 गेंद में 200 रन की साझेदारी हुई। क्विंटन डिकॉक ने विश्व कप 2023 में चौथा शतक लगाया। डिकॉक 116 गेंद में 114 रन बनाकर आउट हुए। जबकि डुसेन 133 रन बनाकर आउट हुए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को कप्तान तेम्बा बावूमा के रूप में पहला झटका लगा। उन्होंने 28 गेंद में 24 रन बनाए। इसके बाद क्विंटन डिकॉक और रासी डुसेन के बीच दोहरी शतकीय साझेदारी हुई है। डिकॉक ने विश्व कप 2023 में चौथा शतक लगाया। डिकॉक 116 गेंद में 114 रन बनाकर आउट हुए। डुसेन ने 118 गेंद में 133 रन बनाए। डेविड मिलर ने 30 गेंद में 53 रन की दमदार पारी खेली। क्लासेन 15 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड के लिए टिम साउदी ने दो, ट्रेंट बोल्ट और नीशम ने 1-1 विकेट लिया।

सिनेमा

## सनी देओल ने गदर 2, ओएमजी 2 क्लैश रोकने के लिए किया फोन तो अक्षय कुमार बोले...

कॉफी विद करण 8 का दूसरा एपिसोड काफी शानदार रहा। चैट शो में सनी देओल और बॉबी देओल करण जौहर के मेहमान थे। दोनों ने अपनी लाइफ और फिल्मों से जुड़ी बातें कीं। सनी देओल थे तो जाहिर सी बात है गदर 2 पर भी बातें हुईं। फिल्म का क्लैश अक्षय कुमार की फिल्म ओएमजी 2 के साथ था। सनी ने बताया कि वह रिलीज से पहले काफी नर्वस थे। वह नहीं चाहते थे कि उनकी मूवी के साथ थिएटर्स में कोई फिल्म आए। क्लैश टालने के लिए उन्होंने अक्षय कुमार को फोन भी किया था। शो पर बताया कि क्या बात हुई थी।

गदर 2 ब्लॉकबस्टर हिट होने के साथ सनी देओल इंडस्ट्री का हॉट केक बन चुके हैं। उन्हें धड़ाधड़ फिल्मों के ऑफर मिल रहे हैं। वह इस बार वह करण जौहर के चैट शो के मेहमान बनकर भी आए। करण ने सनी से गदर 2 की सक्सेस के बारे में बात की। सनी ने बताया कि पहली गदर के हिट होने के बाद उनका खराब वक्त आ गया था। कई फिल्में हाथ से जाने लगीं, कुछ बनी ही नहीं।



करण ने पूछा कि उनकी फिल्म गदर 2 की रिलीज डेट काफी पहले से तय थी। ऐसे में ओएमजी 2 के क्लैश पर उनको कैसा लगा।

इस पर सनी देओल ने जवाब दिया कि इतने साल से उनकी कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई थी। यह काफी इमोशनल वक्त था। उन्हें लग रहा था कि साथ में कोई फिल्म रिलीज न हो ताकि थिएटर्स मिल सकें। सनी ने बताया कि उन्होंने अक्षय से कहा भी था कि क्लैश न होने दें। करण ने पूछा कि क्या उन्होंने अक्षय कुमार को फोन किया था? इस पर सनी बोले, हां जाहिर सी बात है, मैंने उनसे कहा था कि प्लीज अगर आपके हाथ में है तो क्लैश न होने दें। लेकिन उन्होंने कहा कि नहीं, स्टूडियोज वगैरह के हाथ में है। उन्होंने कहा कि 2 फिल्में एक साथ रिलीज हो सकती हैं तो मैंने कहा ठीक है। मैं बस रिक्वेस्ट ही कर सकता था, इससे ज्यादा कुछ नहीं।

## संपादकीय

# पहले हिंसा का सहारा

पिछले कुछ महीनों के दौरान दिल्ली में कहीं किसी का हाथ छू जाने पर तो कहीं बहुत छोटी रकम चुकाने जैसी बातों पर भी दो पक्ष आपस में भिड़ गए और उसमें किसी की जान चली गई। सडक पर वाहन चलाने के दौरान होने वाली हिंसक घटनाओं के दौरान यही साफ होता है कि सामान्य विवेक का इस्तेमाल कर मसले को सुलझाया जा सकता है, लेकिन दो पक्ष जब आपस में भिड़ते हैं तब बात करके शिकायत को सुनने और उसका हल निकालने की कोशिश करने के बजाय लोग पहले हिंसा का ही सहारा लेते हैं। जो लोग एक दूसरे के साथ उठते-बैठते, खाते-पीते हैं, उनमें से कोई एक बहुत छोटी रकम के लेनदेन से उपजे विवाद में अपने दोस्त की हत्या तक कर देता है। आए दिन इस तरह की घटनाएं दिल्ली जैसे शहर के लिए चिंता का कारण बन रही हैं। गौरतलब है कि दिल्ली के द्वारका में डाबरी थाना इलाके में महज पांच सौ रुपए को लेकर हुए विवाद के बाद दो दोस्तों के बीच मारपीट हुई और एक युवक ने दूसरे की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। सूचना मिलने के बाद सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी सहयोग के जरिए पुलिस ने आरोपी का पता लगाया और उसे गिरफ्तार किया, लेकिन इस वारदात की वजह और प्रकृति से किसी भी व्यक्ति को चिंतित होना चाहिए। यों देश की राजधानी होने के बावजूद चोरी-झपटमारी से लेकर गंभीर या जघन्य अपराधों के मामले में दिल्ली की तस्वीर परेशान करती है। पिछले कुछ समय से वैसी बातों पर भी दो पक्षों में हुआ विवाद गंभीर और हिंसक शक्ल अख्तियार करने लगा है और उनमें हत्या तक के मामले सामने आने लगे हैं, जिन्हें थोड़े-से धीरज और विवेक के साथ निपटाया जा सकता है। सवाल है कि पांच सौ रुपए कितनी बड़ी रकम थी कि उसे चुकाने के मसले पर किसी की जान चली जाए! इसके अलावा, सार्वजनिक जगहों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के दायरे में हत्या की घटना होती है, तो इसका मतलब यह भी है कि अपराधियों के बीच कोई डर नहीं है कि पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। जबकि अगर आपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों को भी यह अहसास रहे कि कानून-व्यवस्था सख्त है और किसी आपराधिक घटना में पुलिस आरोपियों को तुरंत पकड़ सकती है, तो सिर्फ इतने भर से जघन्य अपराधों पर एक हद तक लगाम लगाई जा सकती है। विडंबना यह है कि न केवल आपराधिक मानसिकता वाले, बल्कि आम लोगों के बीच भी मामूली बातों पर साधारण बहस के बीच धीरज छूट जा रहा है और बिना किसी बात की फिक्र किए लोग हिंसक हो जा रहे हैं। दूसरी ओर, पुलिस की उपस्थिति का खौफ नजर नहीं आता। पुलिस कार्रवाई करती है, मगर तब तक किसी की जान जा चुकी होती है।

**अर्ज किया है..!**

*सुख पल दो पल में*
*बूढ़ा हो जाता है।*
*दुःख की दुल्हन*
*नई नवेली रहती है।*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

*क्या मालूम वो कब*
*कहां से आ जाये...*
*हमने हर चौखट पर*
*ईबादत रख दी है...*

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म-कर्म

# बेडरूम का रंग कैसा हो?

# बेडरूम से जुड़े ये वास्तु टिप्स घर लाएंगे खुशहाली



घर की सुख-शांति और खुशहाली के लिए वास्तु के नियमों का पालन करना बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। सुखी वैवाहिक जीवन और सकारात्मक ऊर्जा के लिए बेडरूम के वास्तु का खास ध्यान रखना चाहिए। बेडरूम के वास्तु से जुड़ी कुछ गलतियों से मैरिड लाइफ में दिक्कतें बढ़ सकती हैं और तरक्की के रास्ते में बाधा आ सकती हैं। इसलिए बेडरूम से जुड़े वास्तु टिप्स को नजरअंदाज ना करें और कुछ बातों का खास ध्यान रखें। चलिए जानते हैं बेडरूम के लिए वास्तु टिप्स...

### ◆ बेडरूम की दिशा

बेडरूम को हमेशा दक्षिण-पश्चिम दिशा बनवाएं। घर के उत्तर-पूर्व दिशा में बेडरूम होना शुभ नहीं माना जाता है।

### ◆ बेड कहां रखें?

बेडरूम में बेड हमेशा दक्षिण-पश्चिम कोने में होना चाहिए। मान्यता है कि इस दिशा में बेड रखने से जीवन में स्थिरता रहती है और नींद अच्छी आती है। अगर बीम के नीचे बेड रखा हों, तो इसे तुरंत हटा दें। इससे नेगेटिविटी बढ़ती है।

### ◆ बेडरूम का रंग

बेडरूम का रंग ज्यादा तड़क-भड़क वाला नहीं होना चाहिए। बेडरूम की दीवारों को हमेशा पेस्टल कलर्स से पेंट कराएं। इससे बेडरूम का माहौल काफी शांतिपूर्ण लगता है। बेडरूम में काले रंग का इस्तेमाल ना करें। इससे नींद ना आने की समस्या होने लगती है।

### ◆ यहां ना लगाएं शीशा

बेड के विपरीत दिशा में शीशा ना लगाएं। वास्तु के मुताबिक, इससे बेचैनी महसूस हो सकती है और नींद खराब हो सकती है।

### ◆ ऐसी तस्वीरें ना लगाएं

वास्तु के अनुसार, बेडरूम में नकारात्मक प्रतीक और लड़ाई-झगड़े की तस्वीर नहीं लगाना चाहिए। आप बेडरूम में प्रकृति से जुड़ी तस्वीरें या यादगार पलों की तस्वीरें लगा सकते हैं।

### ◆ बेडरूम में फर्नीचर

वास्तु शास्त्र के मुताबिक, बेडरूम में चीजें व्यवस्थित ढंग से रखना चाहिए। यहां पर बिना जरूरत के ज्यादा फर्नीचर नहीं रखना चाहिए। साथ ही पॉजिटिविटी के लिए बेडरूम को साफ-सुथरा रखना चाहिए।

## Highlights

- **Leopard shot dead in Bengaluru indicates reality of our cities: Tejasvi Surya**
- **NCERT modules on Chandrayaan-3 mention Nazi scientist, have many errors: Science body**
- **Woman set on fire by ex-boyfriend after she ends relationship with him in Maharashtra**
- **Mob surrounds police station near Manipur CM's office demanding weapons**
- **Review plea filed over Supreme Court's ruling against same-sex marriages**

# With over 2.5 million sales, Apple logs highest-ever shipments in India in Q3



**NEW DElHI, (Agency).** Apple recorded its highest ever quarterly shipments in India, crossing 2.5 million units, in the third quarter of 2023 (July-September period), according to the latest research from Counterpoint's Monthly India Smartphone Tracker released Wednesday.

Recording 34% growth (year-on-year), the tech giant sold over 2.5 million units during the third quarter, the report added.

"Q3 2023 also marked the best quarter for Apple's shipments in the country, which crossed 2.5 million units. Premiumisation has started in the world's second largest smartphone market and Apple has again got the timing right to benefit from this trend through its devices and financing offers," Shubham Singh, a research analyst said.

However, the smartphone shipments in India remained flat in the third quarter. After declining for almost a year, the smartphone market showed some signs of recovery with a gradual pick-up in consumer demand going into the all-important festive season, the report said.

Samsung maintained its leading position for the fourth consecutive quarter with a 17.2% share driven by the success of its A and M series. Xiaomi took the second spot with a 16.6% share, followed by vivo at 15.9% though it was the fastest growing brand among the top five, registering 11% YoY growth.

Strong offline presence, focused approach to CMF (Colour, Material, Finish), and targeting the mid-premium segment through its sub-brand IQOO drove the demand for Vivo, the report added.

OnePlus took the top spot in the affordable premium segment with a 29% share driven by strong sales of the OnePlus 11R, the report said.

Other brands that recorded YoY growth in Q3 were Nokia (31%), Motorola (27%), realme (7%) and Google (6%).

In the Q3, the share of 5G smartphone shipments reached 53% with the main growth driver being OEMs pushing multiple launches in the INR 10,000-INR 15,000 segment, the report added.

# Over 97% of ₹2,000 banknotes returned, only ₹10,000 cr with public: RBI

**NEW DElHI, (Agency).** The Reserve Bank of India (RBI) on Wednesdays said over 97 per cent of the ₹2,000 banknotes in circulation have been returned to the banking system, and only ₹10,000 crore worth of such notes are still in public circulation.

"The total value of ₹2,000 banknotes in circulation, which amounted to ₹3.56 lakh crore as at the close of business on May 19, 2023 when the withdrawal of ₹2,000 banknotes was announced, has declined to ₹0.10 lakh crore as at the close of business on October 31, 2023," the central bank said in a circular.



RBI, in pursuance of the "Clean Note Policy", decided to withdraw the ₹2000 denomination banknotes from circulation. The central bank also advised other banks to not issue cash in ₹2000 banknotes.

While the public was asked to deposit the banknote, the central bank said that it would remain as a legal tender.

RBI also said that the objective of introducing ₹2000 banknotes was met once banknotes in other denominations became available in adequate quantities. Therefore, the printing of ₹2000 banknotes was stopped in 2018-19.

Accordingly, those who had the banknotes deposited them into their bank accounts and/or exchanged them for banknotes of other denominations at any bank branch.

# ट्रायल के लिए बाइक मांगी और ले भागा बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आनलाइन एप ओएलएक्स पर बाइक बेचने वाले युवक से संपर्क किया। बाइक खरीदने से पहले उसकी ट्रायल को कहकर बदमाश वाहन लेकर भाग निकला। बदमाश पूर्व में भी इस तरह की कई वारदातें कर चुका है। उसके पास से पुलिस को चाकू भी मिला है। राजेन्द्र नगर थाना प्रभारी सियाराम सिंह गुर्जर ने चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने अलग से टीम बनाई थी। इसी दौरान टीम को संदिग्ध युवक को हथियार लेकर घुमने की सूचना मिली। सूचना पर न्यूयार्क सिटी बायपास से युवक शादाब शाह निवासी पठानकुआ थाना नाहर दरवाजा देवास को पकड़ा। आरोपी ने बताया कि एप के माध्यम से आर-15 बाइक बेचने वाले से संपर्क किया।

### रीजनल पार्क के समीप बुलाया

संपर्क होने पर मैंने बाइक खरीदने की सहमति देकर बेचवाल को रीजनल पार्क के समीप बुलाया। बेचवाल अपने दोस्त के साथ बाइक लेकर रीजनल पार्क पहुंच गया। मैं पूर्व से वहीं खड़ा था। बेचवाल ने आते ही मुझे फोन लगाया। मैं उसके पास पहुंचा और बाइक देखकर कहा कि इसका ट्रायल करने गाड़ी स्टार्ट कर भाग गया। इस दौरान बेचवाल और उसके दोस्त ने मेरा पीछा किया, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। बाइक को पास में ही झाड़ी में छुपा रखी थी।

### कुछ घंटे पहले ही की थी वारदात

बदमाश ने बताया कि पुलिस की गिरफ्त में आने से कुछ घंटे पहले ही बाइक लेकर भागा था। इस तरह की वारदात जूनी इंदौर और लसूड़िया थाना क्षेत्र में कर चुका है, जिसके चलते जेल में बंद था। कुछ दिन पहले ही जमानत पर छूटकर आया है। पुलिस आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में कड़ाई से पूछताछ कर रही है।

# नशे की लत पूरी करने दिया था वारदात को अंजाम, दो पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अपने बेटे को लेकर घर जा रही शिक्षिका की चेन झपटने वाले दो शातिर बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ गए हैं। बदमाश नशे की लत पूरी करने वारदातों को अंजाम देते रहे। निपानिया क्षेत्र में हुई इस घटना को पुलिस ने चुनौती मानते हुए आरोपियों को पकड़ने टीम गठित की थी। लसूडिया थाना प्रभारी तारेश सोनी के मुताबिक, 27 अक्टूबर 2023 को फरियादिया ललिता सहानी अरंडिया गांव में शासकीय स्कूल में शिक्षिका है। निपानिया चौराहे से घर के लिए स्कूटी से बेटे को लेकर जा रही थी। तभी पीछे से मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात बदमाश आए और भुवंस स्कूल के समीप महिला की चेन झपट ली। महिला ने शोर मचाया, लेकिन दोनों बदमाश भागने में सफल हो गए। मामले में पुलिस ने आत आरोपियों के खिलाफ धारा 392 में केस दर्ज कर लिया था। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई थी। टीम ने घटना स्थल पर जाकर सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबीर सक्रिय किए। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली की न्यू लोहामंडी स्थित पावर हाउस के पास से चेन झपटने वाले बदमाश खड़े हैं। टीम ने तत्काल घेराबंदी करते हुए वहां से आरोपी रूपेश जोशी निवासी सिंगापुर ग्रीन व्यू कॉलोनी तथा कुलदीप सिंह कर्णावत निवासी फिनिक्स टाउनशिप लसूडिया को पकड़ा गया। पुलिस से बचने आरोपी बाइक से भागे जिससे गिरने से कुलदीप को दाहिने हाथ, रूपेश को दाहिने पैर में चोट आई। आरोपी कुलदीप कर्णावत पर हत्या, लूट सहित 12 तथा आरोपी रुपेश पर लूट, अवैध हथियार आदि के पांच केस दर्ज हैं।

### चेकिंग के दौरान स्थाई वारंटी को पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** विधानसभा चुनाव को लेकर एसएसटी टीम द्वारा चेकिंग पाइंट पर लगातार वाहनों की चेकिंग की जा रही है। सांवेर थाना प्रभारी मोहन मालवीय द्वारा इसी के तहत टीम ने चेकिंग के दौरान स्थाई वारंटी नौशाद पिता जुम्मा खान उम्र 35 साल निवासी ग्राम चिकली थाना इंगोरिया जिला उज्जैन को चिमली फाटा पर पकड़ा। इस कार्रवाई में सउनि प्रवीण मिश्रा, आर. राहुल मंडोर, आर. पंकेश सिंह, आर. राहुल सिंह भदौरिया, सोनू प्रजापत, सुभाष शर्मा की भूमिका रही।

# करवा चौथ पर चार बिछड़े जोड़े मिले

### आपसी मनमुटाव के चलते रह रहे थे एक दूसरे से दूर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पुलिस के प्रयासों से चारों दंपत्ति ने आपसी विवाद को आगे ना बढ़ाते हुए हमेशा प्यार से एक दूसरे के साथ रहने का किया वादा। पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था संभालने के साथ ही सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल महिला थाना द्वारा छोटी-छोटी बातों को लेकर हुए आपसी मनमुटाव और विवाद कारण एक दूसरे से दूर रह रहे चार दंपत्तियों को महिला थाने की टीम द्वारा बातचीत कराकर काउन्सलिंग की व उनके परिवार जनों को बुलाकर समझाइश दी व सभी को आपस में छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा करके अपना घर ना बिगाड़ने की सलाह देकर सभी को राजी खुशी से आपसी सहमति से करवा चौथ के अवसर पर आपस मे मिलाया। सभी ने सात जन्मों तक एक साथ रहने की कसमें खाई और खुशी-खुशी अपने घर को रवाना हुए।

## ललितपुर के मजूदर की इंदौर में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में ललितपुर के मजूदर की मौत हो गई। दो दिन पहले ही वह ईट भट्टे पर मजदूरी करने आया। इस दौरान उसके पेट में दर्द हुआ। उसे उपचार के लिये अस्पताल लेकर जाया गया। यहां उसकी मौत हो गई। डॉक्टरो ने शव के पोस्टमार्टम कराने की बात कही है। भागीरथपुरा पुलिस चौकी से जानकारी देते हुए बताया गया कि मृतक निखील(40) पुत्र गज्जू रावत निवासी ललितपुर है। वह यहां ईट भट्?टे पर मजदूरी करने पहुंचा। उसके पेट में अचानक दर्द हुआ। वह गिर गया। इसके बाद उसे एमवाय में भर्ती कराया गया। यहां उसकी मौत हो गई। निखील की मौत को लेकर पुलिस ने संदेह जाहिर किया है। इसे लेकर ही पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। उसके परिवार में पत्नी और तीन बच्चे है। परिवार के लोगो ने बताया कि पिछले साल भी वह ईट भट्?टे पर मजूदरी के लिये ललितपुर से इंदौर आया था।

# सुरक्षित लाइफ के 250 छात्रों ने सीखे गुर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** डिजीटल लाइफ को कैसे सुरक्षित मैनेज किया जाए की हम आनलाइन ठगी से खुद को बचा सके। यह गुर पुलिस की साइबर अवेयरनेस कार्यशाला में अतिरिक्त एडीशनल डीसीपी(क्राइम) राजेश दंडोतिया ने छात्रों को सिखाए। कार्यशाला में विशिष्ट स्कूल आफ मैनेजमेंट के 250 छात्र उपस्थित थे। सायबर अवेयरनेस के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने स्टूडेंटों को फाइनेंशियल फ्रॉड और सोशल मीडिया द्वारा की जाने वाली साइबर बुलिंग, फिशिंग आदि की जानकारी, पुलिस के पास आने वाली साइबर क्राइम की शिकायतों के आधार पर साइबर फ्रॉड से बचने के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि यदि हम, फर्जी लिंक, फर्जी एप, फर्जी कॉल, फर्जी सोशल मीडिया चैनलों तथा प्रलोभन देने वाले ऑनलाइन प्लेटफार्म से बचें एवं अपनी निजी जानकारी किसी भी अनजान से शेयर ना करें।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।